इकाई - II

6. हमसे सब कहते

© NCERT not to be republished

प्रश्न :

1. चित्र में कौन-कौन दिखायी दे रहे हैं?
2. बच्चा अध्यापिका को क्या बता रहा होगा?
3. तुमसे तुम्हारे घर के बड़े लोग क्या–क्या नहीं करने को कहते हैं?

छात्रों के लिए सूचनाएँ :

1. पाठ पढ़ो। कठिन शब्द और वाक्य रेखांकित करो।
2. कठिन शब्दों और वाक्यों के बारे में मित्रों से चर्चा करो।
3. कठिन शब्दों के अर्थ शब्दकोश में ढूँढ़ो।

नहीं सूर्य से कहता कोई
धूप यहाँ पर मत फैलाओ,
कोई नहीं चाँद से कहता
उठा चाँदनी को ले जाओ।

कोई नहीं हवा से कहता
खबरदार जो अंदर आई,
बादल से कहता कब कोई
क्यों जलधार यहाँ बरसाई?

©SCERT not to be republished

फिर क्यों हमसे भैया कहते
यहाँ न आओ, भागो जाओ,
अम्मा कहती हैं, घर-भर में
खेल-खिलौने मत फैलाओ।

पापा कहते बाहर खेलो,
खबरदार जो अंदर आए,
हम पर ही सबका बस चलता
जो चाहे वह डाँट बताए।

निरंकार देव सेवक

© SCERT not to be republished



सुनिए–बोलिए

1. बच्चों को बड़ों द्वारा किस प्रकार की डाँट डपट मिलती रहती है?
2. घर और पाठशाला में क्या–क्या करने के लिए मना किया जाता है?
3. घर और पाठशाला में क्या–क्या करने के लिए मना किया जाता है?

   निम्न वाक्य और बताओ–

- सूरज चाँद की रोशनी को भगा देता है।
- बादल सूरज की रोशनी को भगा देता है।
- हवा बादल को भगा देती है। बताओ, कौन किससे ज़्यादा ताकतवर है?

पढ़िए

1. सूर्य, चाँद, हवा और बादल के बारे में पाठ में क्या बताया गया है?
2. अम्मा, पापा, भैया क्यों डाँटते रहते हैं?

लिखिए

पाठशाला में और घर में तुम्हें क्या–क्या करने के लिए कहा जाता है और क्या–क्या करने के लिए मना किया जाता है। नीचे वाली तालिका में लिखो।

करो	मत करो
....	....
....	....
....	....
....	....
....	....
....	....

© SCERT not to be republished

शब्द भंडार

'हमसे सब कहते' कविता में जिन लोगों, चीज़ों और जगहों के नाम आए हैं, उन्हें नीचे दी गई तालिका में लिखो।

लोग	चीज़	जगह
....	....	....
....	....	....

सृजनात्मक अभिव्यक्ति

- आकाश में चाँद और बादलों का चित्र बनाइए। उसके बारे में लिखिए।



प्रशंसा

- बड़े लोग सदा हमारी भलाई के बारे में सोचते हैं। ऐसी कोई दस बातें बताइए।



भाषा की बात

- इस कविता में चाँद, डाँट जैसे शब्दों में अनुनासिक (चंद्रबिंदु) का प्रयोग हुआ है। ऐसे अन्य पाँच शब्द लिखिए।

क्या मैं ये कर सकता हूँ?	हाँ (√)	नहीं (×)
1. कविता लय के सुना सकता हूँ। भाव बता सकता हूँ।		
2. इस स्तर की कविताओं का भाव पढ़कर समझ सकता हूँ।		
3. इस स्तर की कविताओं की भाव सहित व्याख्या कर सकता हूँ।		
4. कविता के शब्दों से वाक्य बना सकता हूँ।		
5. कविता के शब्दों से तुकबंद वाक्य लिख सकता हूँ।		

© SCERT not to be republished



परियोजना कार्य

यह कहानी तुमने कई बार सुनी होगी।

- कौआ और लोमड़ी



एक बार एक कौए को एक रोटी मिली।

लोमड़ी ने सोचा क्यों न मैं इस कौए को मूर्ख बनाकर रोटी ले लूँ।

लोमड़ी बोली – ''कौए भाई तुम इतना अच्छा गाते हो! मुझे भी एक गाना सुनाओ।''



कौए ने जैसे ही गाने के लिए मुँह खोला, रोटी नीचे गिर गई।



लोमड़ी रोटी लेकर चली गई।

आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा निशुल्क वितरण

आओ, अब इन्ही चित्रों से एक नई कहानी बनाएँ।



....

....

....

....

....

....



....

....

....

....



....

....

© SCERT not to be republished

इकाई - II

7. टिपटिपवा

प्रश्न :

1. चित्र में क्या दिखायी दे रहा है?
2. लड़का क्यों भाग रहा होगा?
3. बरसात के समय वातावरण कैसा होता है?

छात्रों के लिए सूचनाएँ :

1. पाठ पढ़ो। कठिन शब्द और वाक्य रेखांकित करो।
2. कठिन शब्दों और वाक्यों के बारे में मित्रों से चर्चा करो।
3. कठिन शब्दों के अर्थ शब्दकोश में ढूँढ़ो।

आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा निशुल्क वितरण